बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

(बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण)

पत्रांकः – ब्लाडा (लेखा) 02 / 13 / 2026 481 / पटना, दिनांक 05 अक्टूबर, 2026

आदेश

कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–02, मुजफ्फरपुर का पत्रांक 977 दिनांक 11.06.2026 तथा जिला योजना पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक 1187 दिनांक 01.09.2026 के आलोक में उक्त कार्य प्रमंडल को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत माननीय बिहार विधान मंडल सदस्यों की अनुशंसा पर स्वीकृत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुमान्यता राशि के अधीन निम्न प्रकार से राशि आवंटित किया जाता हैः–

(राशि लाख रूपये में)

वर्ष	वर्तमान में कुल आदेयता / दायित्व की राशि		पूर्व में विमुक्त राशि	प्राप्त उपयोगिता प्रमाण–पत्र की राशि	उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रतिशत्	अधियाचित राशि	वर्तमान में आवंटित राशि
1	2		3	4	5	6	7
2024-25	MLA	2000.00	2352.56726	2118.35280	90.04	49.665	46.96474
	MLC	399.532					
	Total	**2399.532**					
कुल							**46.96474**

वित्तीय वर्ष **2024–25** के लिए अबतक आवंटित कुल राशि **₹2399.53200** लाख रूपये की राशि को मदवार सामान्य मद–**₹2015.60688** लाख रूपये, एस0सी0 मद–**₹383.92512** लाख रूपये माना जाय।

उपर्युक्त विवरणी के स्तभ–7 में अंकित राशि यथा **2024–25** के लिए कुल राशि **₹46.96474** लाख **(छियालीस लाख छियानबे हजार चार सौ चौहत्तर रूपये)** मात्र कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–02, मुजफ्फरपुर को CFMS के माध्यम से राशि अंतरण करने का आदेश दिया जाता है।

शर्तेः–

(1) आवंटित की जा रही राशि वित्तीय वर्ष **2024–25** के लिए है, अतएव इस राशि का व्यय वित्तीय वर्ष **2024–25** में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं पर ही व्यय करना सुनिश्चित करेगें।

(2) आवंटित राशि के विचलन की स्थिति में संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(3) मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत् वर्ष **2011–12** से **2026–27** तक आवंटित राशि का वर्षवार उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र **BTC Form 27C** एवं **27C1** में तैयार कर बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण (ब्लाडा) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(4) उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र की राशि वित्तीय वर्ष के लिए वांछित राशि (यथा आवंटित राशि का **60%** राशि) से कम होने की स्थिति में उक्त वित्तीय वर्ष के लिए अनुमान्यता की अवशेष राशि विमुक्त नहीं किया जायेगा।

(5) इस आवंटित राशि का व्यय प्रासंगिक वित्तीय नियमावली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत नियमावली में निहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए किया जायेगा।

ह0/–
(डॉ0 नुरूल हक सिवानी)
मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी,

ज्ञापांकः– ब्लाडा (लेखा) 02/13/2026 481 /पटना, दिनांक 05 अक्टूबर ~~सितम्बर~~, 2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

2. अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रशासी पदाधिकारी, (MKVY प्रभारी), योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।
5. क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।
7. जिला योजना पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. लेखा शाखा, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण को CFMS के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–02, मुजफ्फरपुर को राशि **₹46.96474** लाख **(छियालीस लाख छियानबे हजार चार सौ चौहत्तर रूपये)** मात्र **Fund Transfer** करने हेतु प्रेषित।
9. कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–02, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त राशि GEN एवं SC मद के अनुसार ही राशि **CFMS** के माध्यम से खर्च करना सुनिश्चित करे।
10. श्री सुदामा कुमार, आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01.10.26
मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी